तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **मनफुल बनाम मोहम्मद मोहतरम** **(जीसीएमएस नं. 2021 / 00139)**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.08.21	पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट के वारिसान की ओर से श्री संदीप गर्वा एडवोकेट द्वारा अपीलान्ट की मृत्यु होना अवगत कराते हुए प्रार्थना पत्र कायम मुकाम व वारिसान की ओर से अपना वकालतनामा तथा प्रार्थना पत्र राजीनामा पेश किया। अधिवक्ता रेस्पोडेन्ट भी उपस्थित। तत्पश्चात् सर्वप्रथम अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस प्रार्थना पत्र कायम मुकाम पर सुनी गई। अधिवक्ता रेस्पोडेन्ट ने प्रार्थना कायम मुकाम स्वीकार करने में अपनी सहमति दी। अतः अपीलान्ट का प्रार्थना पत्र कायम मुकाम स्वीकार किया जाता है तथा अपीलान्ट के वारिसान को रिकार्ड पर लिया जाता है। अधिवक्ता अपीलान्ट ने संशोधित उनवान पेश किया जो शामिल मिसल किया गया। तत्पश्चात अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस प्रार्थना पत्र राजीनामा पर सुनी गई। अधिवक्ता उभयपक्ष ने दोराने बहस कथन किया है कि प्रकरण में उभयपक्ष मध्य लोक अदालत की पवित्र भावना से राजीनामा हो गया है इसलिये अपीलान्ट अपनी अपील को आगे नही चलाना चाहते है इसलिये अपील अपीलान्ट खारिज फरमाई जावें। अधिवक्ता रेस्पोडेन्ट ने भी अपील खारिज हेतु अपनी सहमति दी है। ऐसी स्थिति में अब हस्तगत अपील को आगे चलाये रखे जाने का कोई औचित्य प्रतीत नही होता है। अतः अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। तहत रिकार्ड वापस लौटाया जावें तथा पत्रावली बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफतर हो। आदेश सुनाया गया। (दिनेश कुमार यादव) संभागीय आयुक्त जयपुर।	